*अनुबंध 3*

# भारत सरकार के ऋण की स्थिति

2004-2005 के अंत में भारत सरकार के बकाया आंतरिक और वैदेशिक ऋण और अन्य देनदारियों की राशि 2003-2004 (सं.अ.) के अंत तक 1724198.82 करोड़ रुपए की तुलना में, 1985866.91 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। ब्यौरे निम्नानुसार हैंः-

*(करोड़ रुपए)*

| | 31 मार्च, 2004 को | 31 मार्च, 2005 को |
|---|---|---|
| आंतरिक ऋण और अन्य देनदारियां | 1676791.41 | 1930782.98 |
| *जिसमें बाजार स्थिरीकरण योजना के अंतर्गत* | ... | *60000.00* |
| वैदेशिक ऋण | 47407.41 | 55083.93 |
| **जोड़** | **1724198.82** | **1985866.91** |

आंतरिक कर्ज के अंतर्गत खुले बाजार में जुटाए जाने वाले ऋण, रिजर्व बैंक को जारी की गई विशेष प्रतिभूतियां, क्षतिपूर्ति तथा अन्य बांड इत्यादि शामिल हैं। इसमें राज्य सरकारों, वाणिज्यिक बैंकों और अन्य पार्टियों के नाम जारी की गई राजकोषीय हुंडियां तथा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक, अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ, अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि, अफ्रीकी विकास निधि/बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के नाम जारी की गई अपरक्राम्य, निर्ब्याज रुपया प्रतिभूतियां भी शामिल हैं। पहली पंचवर्षीय योजना के आरंभ में, और वर्ष 1999-2000 से लेकर वर्ष 2002-2003 तक के प्रत्येक वर्ष के अंत में तथा 2003-2004 और 2004-2005 के अंत तक की सरकारी कर्जों की अनुमानित बकाया रकमों का विश्लेषण नीचे **देनदारी विवरण** में दिया गया है। भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से अप्रैल 2004 से बाजार स्थिरीकरण योजना शुरु की है। इस योजना में महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा अंतर्वाहों से मुख्यत उत्पन्न अतिरिक्त नकदी को आत्मसात करने के लिए राजकोषीय हुंडियों और/या दिनांकित प्रतिभूतियों को जारी करने की संकल्पना की गई है। केन्द्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार 2004-05 के दौरान किसी एक समय में बकाया देनदारियों की 60,000 करोड़ रुपए की आरंभिक उच्चतम सीमा निर्धारित की गई है। बाजार स्थिरिकरण योजना के अंतर्गत बाजार ऋणों, 91-दिवसीय राजकोषीय हुंडियों तथा 364 दिवसीय राजकोषीय हुंडियों से संबंधित अनुमानित बकाया देनदारियों को देनदारी विवरण में अलग-अलग दर्शाया जाता है। आंतरिक और विदेशी कर्ज दोनों के अंतर्गत बकाया राशियां सरकार की देनदारी को प्रदर्शित करती है और जिसे बकाया कर्ज के अंकित मूल्य में दिखाया गया है। इस प्रकार, विदेशी देनदारियों के बकाया स्टॉक का अंकन परम्परागत विनिमय दरों पर किया जाता है जिस पर देयता का हिसाब चालू विनिमय दरों पर की गई वापसी-अदायगी को घटाने के बाद प्रारंभिक तौर पर लेखा बही में लिया गया है।

इसके अलावा, सरकार विभिन्न अल्प बचत योजनाओं, भविष्य निधियों, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय यूनिट ट्रस्ट और राष्ट्रीयकृत बैंकों को जारी की गई प्रतिभूतियों, विशेष जमा योजनाओं के अंतर्गत जमा रकमों और विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों आदि की मूल्यह्रास और अन्य सब्याज प्रारक्षित निधियों, स्थानीय निधियों की जमा राशि और सिविल जमा रकमों की बकाया राशियों की वापसी-अदायगी के लिए जिम्मेदार है। ऐसी देनदारियों का ब्यौरा भी देनदारियों के विवरण में दिया गया है।

**परिसम्पत्तियों के विवरण** में सरकार द्वारा जुटाई गई उसी धनराशि को दिखाया गया है जो परिसम्पत्ति निर्माण प्रयोजनों हेतु प्रयोग की गई है। इन परिसम्पत्तियों को अंकित मूल्य में भी दिखाया गया है अर्थात् इसमें चालू बाजार दरों के अनुसार परिसम्पत्तियों के मूल्य में ह्रास/वृद्धि को ध्यान में नहीं रखा गया है। इस विवरण में केवल वैसी परिसम्पत्तियां शामिल हैं जो केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में हैं और इसमें वैसी परिसम्पत्तियां, जिन्हें केन्द्रीय सरकार के सहायता अनुदान से राज्य सरकारों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा सृजित किया गया है, शामिल नहीं हैं।

बाजार स्थिरीकरण योजना के अंतर्गत उधारों से प्राप्तियों को भारतीय रिजर्व बैंक के पास एक अलग व पहचान योग्य खाते में नकद शेष के रूप में रखा जा रहा है। ये प्राप्तियां बाजार स्थिरीकरण योजना के अंतर्गत जारी राजकोषीय हुंडी/दिनांकित प्रतिभूतियों की वापसी अदायगी के अतिरिक्त सरकार के कोई अन्य खर्च पूरा करने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। तदनुसार 60,000 करोड़ रुपए का नकद शेष परिसंपत्तियों के विवरण में अलग से दर्शाया गया है।

# केन्द्रीय सरकार की देनदारियों का विवरण

*(करोड़ रुपए)*

*के अन्त में :*

| | लेखे | | | | | संशोधित | बजट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1950-51 | 1999-2000 | 2000-2001 | 2001-2002 | 2002-03 | 2003-2004 | 2004-2005 |
| ***क लोक ऋण*** | **2054.33** | **772691.42** | **869642.86** | **984606.91** | **1080300.85** | **1181427.76** | **1346711.70** |
| **1. आंतरिक ऋण** | **2022.30** | **714254.23** | **803697.63** | **913061.12** | **1020688.79** | **1134020.35** | **1291627.77** |
| ***जिसमें बाजार स्थिरीकरण योजना के अंतर्गत*** | ***...*** | ***...*** | ***...*** | ***...*** | ***...*** | ***...*** | ***60000.00*** |
| (i) बाजार ऋण (अनुबंध 4) | 1444.95 | 355862.04 | 428792.87 | 516517.48 | 619105.46 | 704902.01 | 825403.19 |
| *जिसमें बाजार स्थिरीकरण योजना के अंतर्गत* | *...* | *...* | *...* | *...* | *...* | *...* | *25000.00* |
| (ii) 91-दिवसीय राजकोषीय हुंडियां | 358.02 | 1520.76 | 1875.76 | 5046.64 | 9672.88 | 6983.88 | 25983.88 |
| *जिसमें बाजार स्थिरीकरण योजना के अंतर्गत* | *...* | *...* | *...* | *...* | *...* | *...* | *19000.00* |
| (iii) विशेष प्रतिभूतियों में जमा की गई 91-दिवसीय राजकोषीय हुंडियां | ... | 101817.95 | 101817.95 | 101817.95 | 61817.95 | ... | ... |
| (iv) विक्रय योग्य प्रतिभूतियों में परिवर्तित विशेष प्रतिभूतियां (अनुबंध 4क के अनुसार) | ... | 20000.00 | 20000.00 | 20000.00 | 55000.00 | 116817.95 | 111817.95 |
| (v) भारतीय रिजर्व बैंक को जारी अन्य विशेष प्रतिभूतियां | ... | 1282.15 | 2080.43 | 3221.74 | 3595.95 | 3595.95 | 1725.23 |
| (vi) 14-दिवसीय राजकोषीय हुंडियां | ... | 2707.62 | 4047.77 | 2494.27 | 5628.04 | 5628.04 | 5628.04 |
| (vii) 182-दिवसीय राजकोषीय हुंडियां | ... | 1300.00 | 2800.00 | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 |
| (viii) अर्थोपाय अग्रिम | ... | 982.00 | 5395.00 | 5176.00 | ... | ... | ... |
| (ix) 364-दिवसीय राजकोषीय हुंडियां | ... | 12996.09 | 13496.09 | 16584.16 | 23122.45 | 22996.45 | 38860.45 |
| *जिसमें बाजार स्थिरीकरण योजना के अंतर्गत* | *...* | *...* | *...* | *...* | *...* | *...* | *16000.00* |
| (x) स्वर्ण बांड, 1998 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| (xi) क्षतिपूर्ति और अन्य बांड | 6.73 | 8377.25 | 7277.55 | 14380.86 | 27624.22 | 45547.12 | 53406.84 |
| (xii) अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं को जारी की गई प्रतिभूतियां | 212.60 | 22208.57 | 22598.15 | 22551.41 | 23616.81 | 22246.20 | 22149.44 |
| (xiii) लघु बचतों के एवज में प्रतिभूतियां | ... | 185199.80 | 193516.06 | 202270.61 | 188505.03 | 202302.75 | 203652.75 |
| **2. विदेशी ऋण*** | **32.03** | **58437.19** | **65945.23** | **71545.79** | **59612.06** | **47407.41** | **55083.93** |
| **ख. अन्य देनदारियां** | **811.07** | **248337.96** | **298898.16** | **381801.51** | **478900.50** | **543071.06** | **639455.21** |
| 1 राष्ट्रीय लघु बचत निधि | 336.87 | 29591.64 | 54619.62 | 98617.28 | 175885.40 | 232987.68 | 309837.68 |
| 2 राज्य भविष्य निधियां | 95.05 | 36814.03 | 41723.74 | 45894.43 | 50515.48 | 55515.48 | 59515.48 |
| 3 अन्य खाते | 16.10 | 134424.62 | 144019.61 | 164156.95 | 172373.55 | 167415.26 | 176702.94 |
| (i) गैर-सरकारी भविष्य निधियों आदि की विशेष जमाराशियां | ... | 96688.98 | 103865.99 | 111388.98 | 120125.00 | 120125.00 | 120125.00 |
| (ii) अन्य मदें | 16.10 | 37735.64 | 40153.62 | 52767.97 | 52248.55 | 47290.26 | 56577.94 |
| 4 प्रारक्षित निधियां और जमाराशियां | 363.05 | 47507.67 | 58535.19 | 73132.85 | 80126.07 | 87152.64 | 93399.11 |
| (i) सब्याज | 260.85 | 28005.51 | 28123.50 | 31148.67 | 37125.79 | 43501.32 | 48558.03 |
| (ii) निर्ब्याज | 102.20 | 19502.16 | 30411.69 | 41984.18 | 43000.28 | 43651.32 | 44841.08 |
| **जोड़-देनदारियां** | **2865.40** | **1021029.38** | **1168541.02** | **1366408.42** | **1559201.35** | **1724498.82** | **1986166.91** |
| विभाजन-पूर्व ऋण में पाकिस्तान द्वारा देय रकम का हिस्सा (लगभग) | -300.00 | -300.00 | -300.00 | -300.00 | -300.00 | -300.00 | -300.00 |
| **केन्द्रीय सरकार की निवल देनदारियां** | **2565.40** | **1020729.38** | **1168241.02** | **1366108.42** | **1558901.35** | **1724198.82** | **1985866.91** |
| देनदारियों की अपेक्षा पूंजी परिव्यय और ऋणों का आधिक्य | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| **जोड़ (निवल)** | **2565.40** | **1020729.38** | **1168241.02** | **1366108.42** | **1558901.35** | **1724198.82** | **1985866.91** |

* *शेष राशियां अंकित मूल्य के अनुसार हैं।*

# परिसम्पत्तियों का विवरण
# (केन्द्रीय सरकार द्वारा पूंजी निवेश और ऋण)

*(करोड़ रुपए)*

*के अन्त में :*

| | लेखे | | | | | संशोधित | बजट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1950-51 | 1999-2000 | 2000-2001 | 2001-2002 | 2002-03 | 2003-2004 | 2004-2005 |
| ***क. पूंजी परिव्यय*** | | | | | | | |
| **1. सामान्य सेवाएं** | **496.74** | **104149.14** | **117810.87** | **135632.77** | **151980.93** | **170685.30** | 206870.29 |
| (i) रक्षा सेवाएं | 260.93 | 95610.22 | 107994.27 | 124201.18 | 139154.03 | 156060.35 | 189543.20 |
| (ii) अन्य सामान्य सेवाएं | 235.81 | 8538.92 | 9816.60 | 11431.59 | 12826.90 | 14624.95 | 17327.09 |
| **2. सामाजिक सेवाएं** | **26.25** | **9341.83** | **10211.04** | **6887.65** | **7844.44** | **8882.76** | **10016.17** |
| **3. आर्थिक सेवाएं** | **965.02** | **199627.21** | **209907.81** | **226981.42** | **240268.55** | **243175.99** | **262269.65** |
| (i) कृषि और संबद्ध कार्यकलाप | 7.78 | 7715.50 | 7508.28 | 7562.16 | 7631.29 | 7647.40 | 7722.67 |
| (ii) ग्रामीण विकास | ... | 19.56 | 20.39 | 22.38 | 24.36 | 24.36 | 24.36 |
| (iii) विशेष क्षेत्र कार्यक्रम | ... | 1909.73 | 2008.90 | 2356.12 | 2554.29 | 3913.47 | 5550.38 |
| (iv) जल और विद्युत विकास | 5.59 | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| (क) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण | ... | 250.36 | 259.81 | 272.19 | 286.52 | 292.84 | 304.02 |
| (ख) ऊर्जा | ... | 40455.98 | 42588.58 | 46128.31 | 48967.25 | 51496.89 | 54863.08 |
| (v) उद्योग और खनिज | 34.34 | 34091.41 | 34337.83 | 36358.97 | 37296.21 | 38039.04 | 39256.54 |
| (vi) परिवहन | | | | | | | |
| (क) रेलवे | 817.93 | 32391.66 | 35660.87 | 41038.03 | 46651.75 | 53596.09 | 60515.09 |
| (ख) अन्य परिवहन सेवाएं | 12.47 | 19658.69 | 22425.71 | 25582.80 | 28867.60 | 31862.73 | 36411.07 |
| (vii) संचार | | | | | | | |
| (क) डाक सेवाएं | 49.98 | 773.69 | 814.48 | 872.41 | 914.67 | 967.05 | 1138.89 |
| (ख) दूरसंचार सेवाएं | ... | 3297.50 | 4425.84 | 5001.27 | 5083.81 | 5083.81 | 5083.81 |
| (ग) अन्य संचार सेवाएं | ... | 465.21 | 118.50 | 118.50 | 60.73 | 113.14 | 146.02 |
| (viii) विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण | ... | 3342.67 | 3792.82 | 4366.92 | 4850.14 | 5543.89 | 6586.18 |
| (ix) सामान्य आर्थिक सेवाएं | 36.93 | 55255.25 | 55945.80 | 57301.36 | 57079.93 | 44595.28 | 44667.54 |
| संघ राज्य क्षेत्रों का संवितरण | ... | ... | ... | ... | ... | 337.93 | 644.08 |
| **कुल जोड़** | **1488.01** | **313118.18** | **337929.72** | **369501.84** | **400093.92** | **423081.98** | **479800.19** |
| ***(ख) ऋण की वसूली घटाकर केन्द्रीय सरकार द्वारा दिए गए ऋण*** | | | | | | | |
| राज्य सरकारों को | 195.58 | 209882.44 | 218379.88 | 228901.80 | 227342.98 | 193033.53 | 196346.46 |
| संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को | ... | 4709.55 | 5010.58 | 5013.79 | 4500.36 | 4692.51 | 4887.76 |
| विदेशी सरकारों को | 0.01 | 992.37 | 1251.12 | 1485.60 | 2198.47 | 2757.53 | 3113.08 |
| राष्ट्रीय लघु बचत निधि के अधीन राज्यों की विशेष प्रतिभूतियों में निवेश | ... | 26936.65 | 60201.70 | 95219.86 | 147481.34 | 211981.34 | 280631.34 |
| सरकारी क्षेत्र के उद्यम, रेलवे विकास और राजस्व प्रारक्षित निधि, डाक-तार राजस्व प्रारक्षित निधि, पत्तन न्यास, नगरपालिकाएं तथा सांविधिक निकाय सहकारी और शैक्षणिक संस्थाएं, विस्थापित व्यक्तियों और निजी संस्थाओं आदि को | 24.58 | 50405.51 | 51715.57 | 58063.44 | 56640.71 | 53891.54 | 63470.39 |
| सरकारी कर्मचारियों को | 0.51 | 1660.77 | 2092.55 | 2406.12 | 2509.91 | 2684.91 | 2759.91 |
| **जोड़** | **220.68** | **294587.29** | **338651.40** | **391090.61** | **440673.77** | **469041.36** | **551208.94** |
| **जोड़-पूंजी परिव्यय तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा दिए गए ऋण** | **1708.69** | **607705.47** | **676581.12** | **760592.45** | **840767.69** | **892123.34** | **1031009.13** |
| ***ग. बाजार स्थिरीकरण योजना के अंतर्गत नकद शेष*** | **...** | **...** | **...** | **...** | **...** | **...** | **60000.00** |
| ***कुल जोड़*** | ***1708.69*** | ***607705.47*** | ***676581.12*** | ***760592.45*** | ***840767.69*** | ***892123.34*** | ***1091009.13*** |
| *पूंजी परिव्यय तथा बाजार स्थिरीकरण योजना के अंतर्गत नकद शेष सहित दिए गए ऋण की तुलना में देनदारियों का आधिक्य* | *856.71* | *413023.91* | *491659.90* | *605515.97* | *718133.66* | *832075.48* | *894857.78* |
| **जोड़** | **2565.40** | **1020729.38** | **1168241.02** | **1366108.42** | **1558901.35** | **1724198.82** | **1985866.91** |